# फिर कुएं में जहरीली गैस, एक की मौत, एक गंभीर

## उचेहरा थाना क्षेत्र के उरदना गांव के टगरी टोला में हुई घटना, एसडीआरएफ की टीम पहुंची

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अगस्त. जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उरदना के टगरी टोला मोहल्ले में एक कुएं में उतरे दो लोगों में एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज हो रहा है। संभावना जताई जा रही है कि कुएं के अंदर किसी गैस से प्रभावित होने के कारण दम घुटने से यह हादसा हुआ।**

हासिल जानकारी के मुताबिक कुआं ददोली सिंह के घर में है जिसमें टीन गिर गई थी। ददोली सिंह के भाई नीरेंद्र सिंह नीरु (30) टीन (लोहे की चद्दर) निकालने के लिए दिन में करीब 11 बजे कुएं में उतरे थे। बताते हैं कि वहीं नजदीक मौजूद उरदना गांव के मजदूर लालबहादुर उर्फ राजा कोल (42) ने कुएं के अंदर से आवाज सुनी और खुद भी कुएं में उतर गया। दम घुटने पर उसने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोग आ गए। उन्होंने पानी के पाइप के माध्यम से राजा को आक्सीजन पहुंचाने का प्रयास किया। राजा ने हिम्मत कर कमर में तौलिया बांधा, लोगों ने जैसे तैसे उसे कुएं से बाहर निकाल लिया। मालूम हुआ है कि उसे सांस लेने में कठिनाई होती देख उचेहरा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे जिला अस्पताल सतना के लिए रेफर कर दिया गया। दूसरी ओर घटना की जानकारी होने पर उचेहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची जिसने नीरू सिंह को कुएं से बाहर निकालने के लिए अथक प्रयास किया। बताते हैं कि अंततः पुलिस को मदद के लिए एसडीआरएफ की टीम बुलानी पड़ी। शाम करीब 6 बजे नीरू सिंह को कुएं से बाहर निकाला जा सका लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।






### खरमसेड़ा में हो चुकी है तीन की मौत

अभी कुछ दिनों पहले ही मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरमसेड़ा में एक घटना ऐसी ही हुई थी जिसमें कुएं में उतरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस के अलावा फॉरेंसिक एवं प्रदूषण विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया था। अनुमान जताया गया था कि कुएं में किसी जहरीली गैस होने के कारण हादसा हुआ था। अब इस घटना को लेकर भी ऐसी ही आशंका जताई जा रही है। मामला जांच योग्य है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# मन के बात मनै मा रहिगै...?

इया पीढ़ी जेहि अपना सेय-पाल कै बड़ा इया सोच कै कीन्हेंन की कल सहारा बनी हय. हमी लगत हय परबारिस मा कउनो कमी रहगे.जेसे इया संस्कार,संस्कृति अउर परम्परा का भुलाय कै कुछु अइसन करय लाग कि अब कोउ कुछु कहिन नाही सकय. जानकार कहत हेय की इया मेर से हर सौ-पचास बारिस मा होत रहत हय. जब पीढ़ी आपन आगे कै गाइल चलय कै खितिर भरभाटय रही हय. बापव-महतारी का करय अरजा-करजा कईके पढ़ाय-लिखय दिहिनन अब उनखे अनुसार काम-धंधा मिल नाही रहा मन मार कै कुछु करत हेय ता चार जने इया कहय बारे मिल जात हय कि यता पढ़-लिख कै इया का करि रहेहया.बिचारे करय ता फाँसी ना करय ता घर की आखि चौबिसों घण्टा घुरतय रहती हय. इयामा लागा-ओढकन के कोउ कुछु नीक करय लाग ता फेर ताना सुन-सुन कै कान पक जात हेय. केउ इया मानय का तइयार नाही आय की इया मा पढाई-लिखाई का कउनो दोख नाही आय.अब पहिले कस कम पढ़े-लिखे लोग नाही आय.हर बारिस कालेज-विश्वविद्यालय से करोडन लड़का निकरत हेय. जे सब ऐक्य मेर से पढ़ाई करें रहत हेय. केहि पढाई कै मान से काम-धंधा मिली इया ओखे भाग पर तय होत हय. जमाना केतव बदलिगा होय पर हमी भरोसा हय कि अपना पाचन कै सीख अउर संस्कार का इया पीढ़ी कबहू ना भूली.




103 डॉ. संजय पयासी

# पति ने दोस्त के साथ मिलकर किया पत्नी की हत्या का प्रयास, पुल से नदी में फेंका

नवभारत न्यूज

**रीवा, 1 अगस्त, पत्नी से चल रहे विवाद के चलती पति ने अपने दोस्त के साथ मिलकर उसे पुल से नीचे नदी में फेंक दिया. महिला वहां बच गई तो आरोपी ने उस पर शराब के केन से गले पर वार किया जिससे उसका गला कट गया. पुलिस ने युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है. घटना रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र के सोनौरी स्थित नैना नदी पुल की है.**

घटना के संबंध में सोहागी थाना प्रभारी कमलेश शाहू ने बताया कि सतीश पिता रमाशंकर उम्र 28 वर्ष निवासी शंकरगढ़ का अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है. पत्नी दो सालों से उससे अलग रह रही थी. पत्नी को शंकरगढ़ से ट्रेन पकड़कर 'पंजाब जाना था लेकिन ट्रेन छूटने पर उसने पति की मदद मांगी. आरोपी उसे प्रयागराज रेलवे स्टेशन छोड़ने का झांसा दिया और शंकरगढ़ से बाइक में बैठाकर प्रयागराज ले जाने के बजाय सोहागी होते हुए सोनौरी में स्थित नैना नदी पुल पर लेकर आ गया. 28 जुलाई की रात 11 बजे आरोपी ने पुल के ऊपर गाड़ी रोकी और पत्नी से विवाद करने लगा. इस दौरान आरोपी ने पत्नी को उठाकर पुल के नीचे फेंक दिया. नदी में पानी कम था जिससे महिला बच गई. वह नदी से निकलकर पुल के ऊपर आई तो आरोपी ने जेब से शराब की केन निकाली और उसके नुकीले हिस्से से पीड़िता के गले पर हमला कर दिया जिससे उसका गला कट गया. इस दौरान दो लोग बाइक में सवार होकर पहुंचे जिनको देखकर आरोपी फरार हो गए. राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को गम्भीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला का उपचार जारी है. इस घटना को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है. पुलिस ने आरोपी पति सतीश सिंह को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर दोस्त दीपक निवासी शंकरगढ़ को भी गिरफ्तार कर लिया है.

**गला रेतने का पहले भी किया था प्रयास**

**चार साल पहले हुआ था प्रेम विवाह, एक बेटा भी**

# कबराडोल में ट्रैक्टर-बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 अगस्त। लंघाडोल थाना क्षेत्र के कबराडोल में शनिवार की शाम करीब 7 बजे मोटरसाइकिल एवं ट्रैक्टर के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई।**

इस सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार निवासी बासी बेरदहा लक्ष्मणदास साहू पिता रामचरित्र साहू उम्र 25 वर्ष मोटरसाइकिल में सवार होकर जा रहा था कि बेकाबू मोटरसाइकि की भिड़ंत सामने से आ रहे ट्रैक्टर से हो गई। भीषड़ इतना तेज रहा कि बाईक सवार चालक लक्ष्मणदास साहू की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही लंघाडोल पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये ट्रैक्टर एवं चालक की तलाश में जुट गई है।

# जंगल में पेड़ से लटकता मिला किशोरी का शव, गांव में फैली दहशत

**सिंगरौली 1 अगस्त।** जिले के बरका चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत कठदहा गांव के पठारी दह जंगल में शनिवार को एक किशोरी का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर बरका चौकी पुलिस मौके से पहुंच शिनाख्त कराई। जानकारी के अनुसार जंगल में गाय चरा रहे चरवाहों ने पेड़ से लटकता शव देखा। जहां सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतिका की पहचान राजभान सिंह निवासी अंधियरिया की पुत्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि किशोरी शुक्रवार से बाजार जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे और आज शव मिला। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

# आरजेडी ने किया जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्त

## देवसर के दो ऑपरेटरों को कारण बताओ नोटिस के निर्देश, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति पर जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 अगस्त। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं आरजेडी डॉ. जीएस परिहार ने शनिवार को जिला चिकित्सालय सिंगरौली का औचक निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए उन्होंने उपचार व्यवस्था, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय, सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. कल्पना रवि तथा आरएमओ डॉ. राजेश बैस मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान देवसर ब्लॉक में डिलीवरी अपडेट करने में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदार ऑपरेटर दीनानाथ प्रजापति एवं शीला साहू के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर को दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित लक्ष्य समय पर पूर्ण करें। बैठक में डॉ. जगदीश यसवाल डीएचओ-1, डॉ. राहुल पाठक डीएचओ-2, डॉ. विशेष सिंह डीटीओ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधांशु मिश्रा, जिला मीडिया अधिकारी डीएन मांझी, जिला कम्युनिटी मैनेजर डीसीएम एमएंडई, एपीएमए डीपीसी, तीनों विकासखंडों के बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समीक्षा के अंत में आरजेडी डॉ. परिहार ने सभी अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने, योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



### मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान आरजेडी ने ओपीडी में चिकित्सकों के साथ बैठक कर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद अस्पताल की कैंटीन पहुंचकर मरीजों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सिकल सेल डिजीज पर आयोजित सीएमई कार्यक्रम में भी भाग लेकर इस गंभीर बीमारी की रोकथाम एवं उपचार को लेकर चिकित्सकों से चर्चा की। बाद में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में डॉ. परिहार ने हाई रिस्क प्रेग्नेंसी एचआरपी, दस्तक अभियान, नियमित टीकाकरण, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, सिकल सेल अभियान, आरबीएसके तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की। शहरी क्षेत्र में एचआरपी की प्रगति केवल 40 प्रतिशत पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, श्रमिक गंभीर घायल

**महुआ गांव-निवास मार्ग पर हुआ हादसा**

नवभारत न्यूज

**सरई 1 अगस्त। सरई थाना क्षेत्र की निगरी चौकी पुलिस ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर चलाकर दुर्घटना करने वाले चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।**



फरियादी राजकुमार साहू उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम निगरी ने पुलिस को बताया कि 1 अगस्त को महुआ गांव स्थित जगजीवन गुप्ता की दुकान से 10 एमएम सरिया के 20 बंडल खरीदकर पुष्पराज साहू के स्वराज ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडए 5209 की ट्रॉली में लोड कराए गए थे। ट्रैक्टर को हंसराज सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी जोबा चला रहा था, जबकि फरियादी अपनी मोटरसाइकिल से पीछे-पीछे चल रहा था। महुआ गांव निवास मार्ग पर चौकी निवास के पास सुबह करीब 11:30 बजे चालक ने तेज गति व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए नियंत्रण खो दिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। हादसे में चालक के बगल में बैठे श्रमिक सत्यनारायण उर्फमोनू निवासी भरसेड़ाए के बाएं पैर, माथे और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आईं। घायल को उपचार के लिए भेजा गया। घटना के बाद निगरी चौकी पुलिस ने आरोपी चालक हंसराज सिंह के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 एवं 125 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया। प्रकरण की विवेचना सउनि त्रिवेणी पाल को सौंपी गई है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर आगे की वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

# जब वर्दीधारी आरक्षक ने नशे में बीच बाजार किया ड्रामा



नवभारत न्यूज

**सीधी, 1 अगस्त. सीधी शहर के बीच बाजार सम्राट चौक पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नशे जैसी हालत में एक वर्दीधारी आरक्षक द्वारा जमकर ड्रामा किया गया।**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुलिसकर्मी सड़क पर चलते-चलते अपना संतुलन खो बैठा और गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया। वर्दी पर लगी नेम प्लेट में आरक्षक 235 राम प्रसाद रावत नाम अंकित दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि संबंधित आरक्षक सीधी जिले के बाहर का है। अब सवाल यह है कि ड्यूटी की वर्दी में पुलिसकर्मी शराब के नशे में सार्वजनिक स्थान पर कैसे पहुंचा? क्या वह ड्यूटी पर था या छुट्टी पर? और क्या पूरे मामले में पुलिस विभाग की ओर से कोई कार्रवाई की जाएगी ?

फिलहाल इस पूरे मामले में संबंधित पुलिसकर्मी की पहचान और घटनाक्रम की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।कैमरे में कैद तस्वीरें पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रही हैं।

# दीवार तोड़ गैस सिलेंडर चोरी का खुलासा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 1 अगस्त। एनसीएल परियोजना के अमलोरी स्थित इंडेन गैस गोदाम की दीवार में सेंध लगाकर एलपीजी सिलेंडर चोरी करने वाले गिरोह का नवानगर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया।**

पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छः भरे हुए इंडेन गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। मामले में एक सिलेंडर की तलाश जारी है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। यह कार्रवाई थाना प्रभारी राकेश साहू के नेतृत्व एवं उनकी टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार अमलोरी गैस गोदाम के प्रभारी कृष्णा मल्लाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 जुलाई की शाम गोदाम बंद किया गया था। अगले दिन सुबह सुरक्षा प्रहरी ने गोदाम की पीछे की दीवार में सेंध लगने की सूचना दी। जांच में सात भरे हुए इंडेन गैस सिलेंडर गायब मिले, जिनकी कीमत लगभग 15 हजार रुपये आंकी गई। इस पर बीएनएस की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने पृथ्वीलाल कुशवाहा उम्र 36 वर्ष एवं जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा उम्र 26 दोनों निवासी ग्राम कचनी थाना बैढ़न को गिरफ्तार किया। पूछतांछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद उनके कब्जे से छः भरे गैस सिलेंडर जब्त किए गए। आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरविन्द चतुर्वेदी, प्रआर सतीश मिश्रा, बृजेन्द्र यादव तथा आर प्रशांत सिंह, प्रकाश सिंह, गुड्डू सिंह, सरोज कुशवाहा और अखिलेश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# सतना में आज होगा 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सतना, 1 अगस्त ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय, कृष्णा नगर में 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ होगा। अभियान का उद्देश्य देशभर में 10 करोड़ नागरिकों को नशामुक्त जीवन का संकल्प दिलाना है।**

रविवार, 2 अगस्त सुबह 10 बजे से ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय, कृष्णा नगर में 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर नशामुक्त, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण के लिए जनभागीदारी का आह्वान किया जाएगा। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों तथा युवा संगठनों की सहभागिता प्रस्तावित है।

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार, डीसीएम वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**सीधी, 1 अगस्त. थाना बहरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई में अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन जब्त किया गया है।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना बहरी पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन क्रमांक यूपी 96 टी - 5039 भी जब्त किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 31 अप्रैल 2026 की रात्रि में ग्राम मायापुर स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा बड़ी मात्रा में गेहूं एवं चावल चोरी कर लिया गया था। घटना की सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना बहरी पुलिस की विशेष टीम गठित कर अज्ञात आरोपियों की तलाश एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच प्रारंभ की गई। घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण करने पर डीसीएम वाहन क्रमांक यूपी 96 टी - 5039 संदिग्ध पाया गया। वाहन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उसके पूर्व स्वामी अखिलेश जायसवाल निवासी सतना से पूंछताछ की गई। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन उन्होंने राजबहोर साकेत निवासी डीही थाना शाहपुर, वर्तमान पता वार्ड क्रमांक 05 ढेकहा, जिला रीवा को बेच दिया है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए राजबहोर साकेत को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से हिरासत में लेकर पूंछताछ की.



### अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता उजागर

जांच के दौरान पुलिस द्वारा आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड का परीक्षण किया गया, जिसमें इनके विरुद्ध रीवा, मऊगंज, पन्ना, सतना, शहडोल एवं मैहर जिलों के विभिन्न थानों में चोरी के कई प्रकरण दर्ज पाए गए। इससे स्पष्ट हुआ कि यह गिरोह मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ अन्य राज्यों में भी सक्रिय रहा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त डीसीएम वाहन क्रमांक यूपी 96 टी-5039 जब्त कर लिया है। प्रकरण की विवेचना जारी है तथा गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश की जा रही है। उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।


**सोने की नीलामी की सूचना**

बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL"); पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-09-26) **अशोक नगर - विदिशा बाइपास रोड**; POZ6GOL31213036, 32658889. **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6GOL34868543. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3GOL29643206, 32717182. **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL29489899, 29672612, 30523895, 32325939, 33869838. **भिंड - ग्वालियर रोड**; POZ5GOL32099761, 32022434, 32486615, 32892252, 33820566. **भोपाल - अशोका गार्डन**; PPC8GOL34908368. (11-09-26): **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL34321246. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49GOL15897350, 16992107, 18993286, 19188196, 22477419, 29878856, 31809739, 33038657, 33379890. **भोपाल - एम.पी. नगर**; PCA5GOL31425052, 33806981. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL30820414, 31747955, 32457306. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL29443810, 31011060, 32041329, 33102549. **डबरा - मेन रोड**; PKH4GOL29546042, 29492196, 35106616. **दमोह - मेन रोड**; PQD8GOL29879068, 30395748, 30789020, 32905584. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4GOL30822839, 31622729, 33060911, 34893591. (12-09-26): **दतिया - सीता सागर**; PMN5GOL20160009. **देवास - ए.बी. रोड**; PGG2GOL29464543, 30429509, 30773105, 32446245, 33605859, 33832612. **देवास - माँ चामुंडा टेकरी**; PQH2GOL29413181, 29885116. **धामनोद - ए.बी. रोड**; POZ3GOL32119833, 32855527. **धार - इंदौर रोड**; PQD6GOL31390008, 34535142. **गंज बासौदा - मेन रोड**; PO2WGOL32105740. **रीवा - बीजीएल**; PNR9GOL20724312, 29915701, 31222655, 31562724, 33073500, 35157321. (15-09-26): **ग्वालियर - बड़ा जीवाजी चौक**; PQT8GOL30228892. **गुना - ए.बी. रोड**; PEH2GOL17063220, 31222369, 33454484, 33605951. **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL29735041, 29726581, 29723644, 30067384, 31453860, 32125768, 32890940, 33019691, 33667449, 34092902, 34064769, 34484119. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL22209664, 29458759, 29642412, 31807517, 32694459, 35150648. **ग्वालियर - नया बाज़ार**; PF25GOL34261133. **ग्वालियर - पिंटू पार्क**; PQV3GOL32475506, 34915551. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9GOL32862668, 33602641, 33605769, 35092980. (16-09-26) **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL29505821, 32118367, 34512568, 35091697. **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL30807615, 32728422. **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड**; PER2GOL34122190, 34303953. **इंदौर - बंगाली स्क्वायर**; PPD8GOL32285347, 34070169, 34078322. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2GOL35171314. **इंदौर - नंदा नगर**; PQA1GOL30057383, 32079398, 33431383, 34941318. (17-09-26) **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL16773837, 30442887, 30516721, 30484957, 33430581, 34088282. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; PO3WGOL29917121, 31416295, 32309369, 35174314. **जबलपुर - राइट टाउन**; PGO3GOL29541985, 29628531, 29851556, 31053171, 31445572, 33599547, 34916556, 34896707. **कटनी - सुभाष चौक**; POX4GOL29620761, 31782333, 32506644, 33361627, 34008140. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1GOL29652044. **मुरैना - शिव नगर**; PJC8GOL29750828, 31600306, 31756433, 31751368, 33860798, 33887046, 33904173, 34098829, 34547696. (18-09-26): **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1GOL29535176. **पोरसा - बीजीएल**; POA4GOL32258186, 34031137. **सागर - भगवानगंज**; POZ1GOL34871500. **सागर - मकरोनिया**; PQH1GOL34472564. **सागर - परकोटा**; PLL1GOL29884422. **सनावद - इंदौर-खंडवा रोड**; PQD4GOL33071954, 33357853, 35170073. (21-09-26) **सतना - रीवा रोड**; PCP2GOL32060058, 34890023. **सीहोर - सेकंड्राखेड़ी रोड**; PCP3GOL32473786, 33088737, 34460918. **शिवनी - शांति नगर**; POX7GOL30240113. **सहडोल - बीजीएल**; PNT3GOL16832024, 30043810, 31275020, 31627255. **शिवपुरी - ए.बी. रोड**; PEH3GOL30828372, 31036134, 32666281, 34050379, 34081740, 34275490, 34262069. **सुजालपुर - मंडी**; PPG5GOL34293432. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4GOL30234972, 30473629, 31593062, 32492251, 33846129, 35138400.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99